अमर उजाला 23/08/2024

विद्यार्थियों को बांटे हर्बल पौधे

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के आयोजित पौधरोपण अभियान में भाग लेते स्वयंसेवक। विज्ञप्ति

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों और इको क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण किया। इस दौरान बच्चों को पौधे वितरित किए गए।

ये कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत आयोजित किया गया । इस अभियान का उद्देश्य देश में पौधारोपण को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण में मदद करना है। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त ने ने कहा पौधरोपण हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पौधे लगाने चाहिए। इको क्लब के इंचार्ज, डॉ. कुलदीप यादव ने पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर, डॉ. धर्मवीर सैनी और डॉ. अनीश कुमार ने पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की। इस अभियान के तहत हींग, काली मिर्च, तेज पत्ता, मसाला पत्ता, आलू स्पाइस, इलायची, औषधीय तुलसी और गिलोय के पौधे लगाए गए। संवाद